आकाशवाणी भोपाल

प्रादेशिक समाचार

**दिनांक : 05.06.2024** **समय : 07.10पीएम**

**मुख्य समाचार :–**

- एनडीए के घटक दलों ने सर्वसम्मति से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को चुना गठबंधन का नेता।
- राष्ट्रपति ने की 17वीं लोकसभा भंग, प्रधानमंत्री ने सौंपा इस्तीफा।
- प्रदेष में आज से जल गंगा सर्वधन अभियान का किया शुभारंभ, प्रदेष में कई कार्यक्रमों का आयोजन।
- प्रदेष में कई जिलों में बारिष के लिए आरेंज अलर्ट जारी।

.............................................................

**लोकसभा भंग**

**राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने 17वीं लोकसभा भंग कर दी है। इससे पहले आज केन्द्रीय मंत्रिमण्डल ने प्रधानमंत्री आवास पर हुई अपनी बैठक में राष्ट्रपति को 17वीं लोकसभा तुरंत प्रभाव से भंग करने की सलाह दी थी। इसके बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रपति से मिलकर अपना और मंत्रिमंडल का इस्तीफा सौपा। राष्ट्रपति ने उनका इस्तीफा स्वीकार किया और उन्हें नई सरकार बनने तक कार्यभार संभालने को कहा। इस बीच राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज रात 8 बजे राष्ट्रपति भवन में निवर्तमान कैबिनेट मंत्रियों के लिए विदाई रात्रिभोज का आयोजन करेंगी।**

**सरकार गठन**

लोकसभा चुनाव के परिणाम आने के बाद एनडीए की आज नईदिल्ली में हुई बैठक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को सर्वसम्मति से नेता चुन लिया गया है। साथ ही सभी घटक दलों ने समर्थन पत्र भी सौंपे हैं। प्रधानमंत्री आवास पर हुई इस बैठक में नई सरकार बनाने की रूपरेखा पर भी चर्चा की गई। सूत्र के अनुसार 7 जून को एनडीए के संसदीय दल की बैठक होगी। लोकसभा चुनाव के परिणाम में एनडीए को स्पष्ट बहुमत मिला है। इस बैठक में जनता दल यूनाइटेड अध्यक्ष और बिहार के मुख्यमंत्री नितीश कुमार ,तेलुगु देशम पार्टी के प्रमुख एन.चंद्रबाबू नायडु और लोजपा–रामविलास के प्रमुख चिराग पासवान सहित सभी दलों के नेताओं ने हिस्सा लिया। इस बीच इंडी गठबंधन के नेताओं की बैठक कांग्रेस मल्लिकाअर्जुन खडगे के निवास पर हो रही है।

**जल गंगा संवर्धन अभियान**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज विश्व पर्यावरण दिवस पर रायसेन जिले में झिरी बहेडा स्थित बेतवा नदी के उद्गम स्थल पर जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अभियान के अंतर्गत 3 हजार 90 करोड़ लागत के जल संरक्षण के 990 कार्य प्रदेश में आरंभ हो रहे हैं।

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने भी विश्व पर्यावरण दिवस पर भोपाल में राजभवन के अधिकारी आवास परिसर में सागौन का पौधा लगाया। राज्यपाल श्री पटेल की पहल पर राजभवन में सागौन के सौ पौधों के रोपण का कार्य किया जा रहा है।

**विश्व पर्यावरण दिवस**

विश्व पर्यावरण दिवस पर प्रदेश में 5 जून से 16 जून तक चलने वाले विशेष अभियान के तहत कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने इंदौर के कमला नेहरू नगर की प्राचीन बावडी से जल स्त्रोत सफाई अभियान का शुभारम्भ किया। बैतूल में वर्षाजल रोकने के लिए सोनाघाटी की पहाड़ी पर श्रमदान के माध्यम से खंतियाँ खोदकर वर्षा जल को पहाड़ पर रोकने का प्रबन्ध किया । आगरमालवा के सुसनेर में स्वामी विवेकानन्द शासकीय महाविद्यालय में एनएसएस ईकाई द्वारा आयोजित किये गये पर्यावरण संरक्षण और ग्लोबल वार्मिंग तथा जलवायु परिवर्तन विषय पर हुए व्याख्यान में वक्ताओं ने अधिक से अधिक पौधे लगाने और पर्यावरण के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। जबलपुर में विश्व पर्यावरण दिवस पर इस वर्ष की थीम हमारी भूमि–हमारा भविष्य को लेकर केंद्रीय संचार ब्यूरो क्षेत्रीय कार्यालय, नेहरु युवा केन्द्र , ने पी. एस. एम. कॉलेज परिसर में कार्यक्रम आयोजित किया । सीहोर में नगर पालिका द्वारा सीवन नदी घाट पर कार्यक्रम आयोजित कर उपस्थित नागरिकों एवं शासकीय सेवकों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई गई। आज सुबह नर्मदापुरम और पिपरिया में पर्यावरण जन जागरूकता दौड़ का आयोजन किया। 5 किलोमीटर की दौड़ में युवाओं और समाजसेवियों ने पर्यावरण संरक्षण पौधारोपण का संदेश दिया।

शहडोल जिले में कलेक्टर तरुण भटनागर ने जल गंगा संवर्धन अभियान की शुरुआत की। पर्यावरण को संरक्षित रखने के लिए बड़ी भीट तालाब के पास करंज के पौधा लगाया। इस अभियान के तहत जिले की 390 ग्राम पंचायतों और 07 नगरीय निकायों में जल संरचनाओं के जीर्णोद्धार और पौधरोपण के साथ–साथ जल संरचनाओं को अतिक्रमण मुक्त किया जाएगा। कटनी मे भी अभियान के अंतर्गत कल विशेष जल सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा । विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आकाशवाणी भोपाल के कार्यालय प्रमुख यशवंत चिवंडे और विज्ञापन प्रसारण सेवा के सहायक निदेशक विवस्वान् आर्य ने आम का पौधा लगाया। इस अवसर पर श्री आर्य ने कहा कि धरती के अप्रत्याशित तापमान में वृध्दि तथा जलवायु परिवर्तन संबंधित घटनाओं में आज हमें यह संकेत दिया है कि यदि सचेत नहीं होगें तो हम जीवन को गहरे संकट में डाल देगें।

महुआ महोत्सव

संस्कृति विभाग द्वारा जनजातीय संग्रहालय की स्थापना के ग्यारहवें वर्षगाँठ समारोह को 'महुआ महोत्सव' के रूप में कल से 10 जून, तक मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय, श्यामला हिल्स, भोपाल में

आयोजित किया जा रहा है। महोत्सव में दोपहर 2 बजे से शिल्प एवं व्यंजन मेला, बच्चों के लिए कठपुतली प्रदर्शन एवं जनजातीय नृत्यों की प्रस्तुतियाँ संयोजित होंगी। महोत्सव का शुभारंभ मुख्यमंत्री, डॉ. मोहन यादव करेंगे। **शिल्प मेले का आयोजन भी किया जा रहा है, मेले में पांच राज्यों के पारंपरिक शिल्पियों को आमंत्रित किया गया है, जिसमें बांस, धातु, कपड़ा, ज्वैलरी, खराद एवं अन्य शिल्प शामिल हैं। वहीं व्यंजन मेले में भी मध्यप्रदेश के साथ ही गुजरात, उड़ीसा, मणिपुर के व्यंजनकारों द्वारा सुस्वादु व्यंजनों का प्रदर्शन सह-विक्रय किया जायेगा।**

**मौसम**

प्रदेश में नौतपा के बाद अब बारिश और आंधी का दौर शुरू हो गया है। मौसम विभाग ने हल्की बारिष के लिए 17 जिलों में आरेंज अलर्ट जारी किया है। जिनमें भोपाल, विदिषा, खंडवा, छिन्दवाड़ा, नर्मदापुरम, धार और इन्दौर जिले शामिल है। इसके अलावा 29 जिलों के लिए हल्की वर्षा का यलो अलर्ट भी जारी किया गया है।

हालांकि निवाड़ी, दतिया, भिंड में लू का असर भी रहेगा। इसके अलावा प्रदेष के कुछ स्थानों पर गरज–चमक के साथ बूंदाबांदी होने की संभावना है।

## क्रिकेट-ट्वंटी-ट्वंटी क्रिकेट विश्व कप

आईसीसी ट्वंटी-ट्वंटी क्रिकेट विश्व कप के ग्रुप मुकाबले में आज शाम न्यूयार्क में भारत का सामना आयरलैंड से होगा। मैच भारतीय समयानुसार रात 8 बजे शुरू होगा। इससे पहले शनिवार को इसी मैदान पर भारतीय टीम ने अभ्यास मैच में बांग्लादेश को 60 रन से हराया था।

ग्रुप स्टेज में भारत का दूसरा मुकाबला 9 जून को चिर प्रतिद्वंदी पाकिस्तान से, 12 जून को अमरीका से और 15 जून को कनाडा से होगा।

**अब कुछ समाचार संक्षेप में .....**

- नर्मदापुरम जिले में पर्यटन बोर्ड द्वारा संचालित महिलाओं के लिए सुरक्षित पर्यटन स्थल परियोजना चलाई जा रही है। इसके अंतर्गत इटारसी की छात्राओं के प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया गया। समापन कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को प्रमाण पत्र वितरण किये गए।

- अनूपपुर ज़िले में उद्यमिता विकास केन्द्र द्वारा पशुपालन विशेषकर बकरी पालन पर आधारित तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम नौ जुलाई से प्रारंभ हो रहा है। प्रशिक्षण के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 20 जून है।
- संस्कृति विभाग द्वारा छतरपुर में जिला प्रशासन के सहयोग से महाराजा छत्रसाल की जयंती के अवसर पर दो दिवसीय ''विरासत महोत्सव'' का आयोजन 9 एवं 10 जून तक किया जायेगा।
- शहडोल जिले के सभी 8 महाविद्यालयों में स्नातक प्रथम वर्ष में प्रवेश के लिए पहले चरण की प्रक्रिया पूरी हो गई है। उच्च शिक्षा विभाग ने स्नातक के सभी संकायों में प्रवेश के लिए एलॉटमेंट सूची जारी कर दी है। विद्यार्थी आवंटित महाविद्यालय में शुल्क जमा कर प्रवेश ले सकते हैं।
- कटनी जिला मलेरिया कार्यालय मे मलेरिया जागरूकता रथ को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया है।
- **मध्य प्रदेश मदरसा बोर्ड ने 7 कर्मचारियों को संविदा सेवा से मुक्त कर दिया है। सचिव म.प्र. मदरसा बोर्ड एवं संयुक्त संचालक लोक शिक्षण संचालनालय से प्राप्त जानकारी अनुसार माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर के निर्देशानुसार 7 कर्मचारियों को संविदा सेवा से मुक्त कर दिया गया है।**